संस्कृत महाविद्यालय डोहगी में नवनियुक्त आचार्य का अभिनन्दन

जागो ! ऊना/ ब्यूरो रिपोर्ट

ऊना जिला के प्रतिष्ठित सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय डोहगी में आज नवनियुक्त सहायकाचार्य श्री विक्रम बाधकर का अभिनन्दन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. लालसिंह पठानिया व लेखाकार रवि कन्याल ने उन्हें नियुक्ति पत्र देते हुए उनका महा विद्यालय में स्वागत किया। प्राचार्य प्रो. पठानिया ने बताया कि गत माह केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित साक्षात्कार में साहित्य विभाग में सहायकाचार्य के रूप में श्री विक्रम बाधकर की नियुक्ति की गई है। प्राचार्य प्रो. पठानिया ने इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवासवरखेडी, कुलसचिव प्रो. आर.जी. मुरलीकृष्ण, महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष प्रो. सत्यम कुमारी, आदर्श योजना के निदेशक प्रो. कुलदीप शर्मा का भी धन्यवाद किया है जिन्होंने समय से नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा किया। नवनियुक्त सहायकाचार्य श्री बाधकर मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले है व दिल्ली विश्वविद्यालय में साहित्यशास्त्र में अनुसन्धान भी कर रहे हैं। महा विद्यालय के सभी आचार्यों अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्री बिक्रम बाधकर का महाविद्यालय में नियुक्ति पर अभि नन्दन किया।